आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।
- प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना और राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।
- खराब मौसम के कारण अंतर–द्वीपीय क्षेत्र में जलयानों की आज की निर्धारित यात्राओं को स्थगित किया गया है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है। श्री धनखड़ ने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और विचारों के लिए वे बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास के इस बदलाव के युग में सेवा कर के उन्हें सच्चा सम्मान मिला है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना के कार्यान्वयन को सुगम बनाने और राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए स्वराज द्वीप के गोविन्द नगर और वन्डूर ग्राम पंचायत में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर उप–मंडल मजिस्ट्रेट, विनायक चमड़िया ने योजना के महत्व पर बल दिया और राजस्व अधिकारियों को पात्र आवेदकों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने के लिए लंबित मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने बिजली कनेक्शनों में नाम हस्तांतरण के लिए उचित दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वंडूर में, चार नामांतरण मामलों को मंजूरी दी गई, जिससे योजना के सुचारू कार्यान्वयन में सहायता मिली। स्वराज द्वीप में, रूफटॉप सोलर पहल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। एन आर एस ई और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पंजीकरण कराने में सहायता की। इसके अलावा स्वराज द्वीप में आयोजित राजस्व शिविर में बारह दाखिल–खारिज के मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से आठ का निपटारा किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो तीस जुलाई को शाम चार बजकर चालीस मिनट पर श्रीहरिकोटा के शार अंतरिक्ष केंद्र से निसार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह उपग्रह इसरो ने अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए, केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय खेल संघों से अप्रैल दो हजार चौबीस से मार्च दो हजार पच्चीस के दौरान आयोजित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची एक निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत करने को कहा है। यह प्रोफार्मा खेल एवं युवा मामले निदेशालय से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए प्रोफार्मा संबंधित संगठन, संघ, राष्ट्रीय स्तर के महासंघ द्वारा जारी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ नेताजी स्टेडियम स्थित कार्यालय में बीस अगस्त तक जमा किया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में सब–जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और राष्ट्रीय स्कूल खेल, जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और राष्ट्रीय स्कूल खेल, सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, राष्ट्रीय महिला खेल महोत्सव, पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान के तहत राष्ट्रीय प्रतियोगिता, विशेष ओलंपिक और राष्ट्रीय खेल की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्रथम तीन स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

खराब मौसम की स्थिति के कारण, जहाजरानी निदेशालय ने यात्रियों और जहाजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, अंतर–द्वीपीय क्षेत्र में जलयानों की निर्धारित यात्राओं को स्थगित कर दिया है। एमवी कैंपबेल बे की आज सुबह 8 बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान की यात्रा स्थगित कर दिया गया है। अब यह जहाज चौबीस जुलाई को सुबह 8 बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और उसी दिन रात नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापस रवाना होगा। जलयान नालंदा अब कल के बजाय चौबीस तारीख को श्री विजयपुरम से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और छब्बीस जुलाई को सुबह आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इसके अलावा, वाहन फेरी जलयानों की सेवाएं भी मौजूदा मौसम के आधार पर अल्प सूचना पर बाधित या निलंबित हो सकती हैं। जहाजों की नवीनतम स्थिति के लिए, यात्री फीनिक्स बे स्थित सूचना काउंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग चौबीस जुलाई से एक अगस्त तक श्री विजयपुरम परीक्षा केंद्र पर चयन पद के लिए चरण–तेरह परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएँग।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए संकाय सदस्यों का अस्थाई पैनल सूची कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उम्मीदवार छब्बीस जुलाई तक दावे या आपत्ति कॉलेज की ईमेल पर भेज सकते हैं या व्यक्तिगत रूप से भी जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चिस–छब्बीस के लिए चार वर्षीय यू.जी.एड. कार्यक्रम के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अस्थाई वरीयता सूची आज प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां कल और चौबीस जुलाई तक पेश की जा सकती है। अंतिम वरीयता सूची पच्चीस जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

परामर्श उनतीस और तीस जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा और कक्षाएं इक्कतीस जुलाई से आरंभ हो जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों से परामर्श में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में पुलिस विभाग की ओर से कल होम गार्ड के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया। निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक राहुल नायर के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा में कुल दो सौ चालीस उम्मीदवारों ने भाग लिया

<><><><><><><>

ओंगी जनजाति के नौ बच्चों के दसवीं की परीक्षा पास कर ग्यारहवीं के दाखिले के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। इस खबर के अलावा द्वीप समाचार ने उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के समाचार को प्रमुखता दी है। भारत–इंडोनेशिया कोरपैट के चवालीसवें संस्करण के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। द इको ऑफ इंडिया ने मुख्य सचिव द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किए जाने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। अंतराष्ट्रीय शतरंज दिवस के सिलसिले में शिक्षा निदेशालय ने अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के सहयोग से ओपन ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया–इस खबर को इंफो इंडिया ने अपने पेपर के मध्य में जगह दी है ।

<><><><><><><>